अभिनेत्री चित्रांशी रावत एवं फिल्म निर्माता, निर्देशक ध्रुव सीएम से भेंट करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### दून मेडिकल कॉलेज में संविदा पर 05 डॉक्टरों को नियुक्ति

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में संविदा पर 05 डॉक्टरों को नियुक्ति दी गई है। जिन डॉक्टरों को नियुक्ति दी गई है, उनमें डॉ. अतुल कुमार सिंह, डॉ. नवनीत जैन, डॉ. सत्यांश संगल, डॉ. नवेद अली एवं डॉ. मनीषा पुण्डीर शामिल हैं। इन डॉक्टरों को संविदा के आधार पर अधिकतम तीन वर्ष या नियमित नियुक्ति जो भी पहले हो तक संविदा पर रखा जायेगा। हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में 05 असिस्टेंट प्रोफेसर को संविदा पर नियुक्त किये गये हैं। मेडिकल कॉलेज में पहले से संविदा पर कार्यरत तीन असिस्टेंट प्रोफेसर को एक साल का सेवा विस्तार दिया गया है।

### राजेन्द्र सिंह को आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति का अध्यक्ष बनाया गया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा पूर्व डीजी कोस्टकार्ड राजेन्द्र सिंह को उत्तराखण्ड आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् में 05 गैर सरकारी सदस्य नामित किये गये हैं। जिनमें रामनगर की आयु त्रिपाठी, ऋषिकेश के विजय बिष्ट, हल्द्वानी के नितिन राणा, रूड़की के रजनीश कौशिक एवं डॉ. नवीन जोशी शामिल हैं।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस' की शुभकामनाएं दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेशवासियों को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि लोकतंत्र को और सशक्त बनाने के लिए मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए एवं लोगों इसके लिए जागरूक भी करना चाहिए, यह हम सब का नैतिक दायित्व भी है।

### नये रूट प्लान के चलते लोगों को उठानी पड़ रहीं खासा दिक्कत

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की निवर्तमान प्रवक्ता गरिमा महरा दसौनी ने देहरादून शहर में बदले जा रहे ट्रैफिक व्यवस्था की कड़े शब्दों में निन्दा की। उन्होंने आरोप लगाया कि नये रूट प्लान के चलते देहरादून की जनता को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रैफिक को व्यवस्थित कर पाने की अपनी असमर्थता के चलते अधिकारियों ने देहरादून को अपनी प्रयोगशाला बना रखा है।

# प्रदेश में अन्तराष्ट्रीय हरित ऊर्जा सम्मेलन आयोजित होगा

**बैठक**

मुख्यमंत्री ने प्रदान की सम्मेलन के आयोजन हेतु सहमति

सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय हरित ऊर्जा विकास के आयामों पर होगी चर्चा

**संवाददाता**

देहरादून। इस वर्ष जून के प्रथम सप्ताह में प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय हरित ऊर्जा सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में शुक्रवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। सम्मेलन में केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, वन एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन जलशक्ति मंत्रालय के मंत्रीगणों के साथ ही नीति आयोग के उपाध्यक्ष के साथ ही जिन देशों का रिनोवेशन इनर्जी पर ज्यादा फोकस है उनमें चौक रिपब्लिक, नार्वे, स्वीडन, कनाडा, नीदरलैंड, स्पेन, यू.ए.ई. आदि देशों के प्रतिनिधि भी प्रतिभाग करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिनोवेशन इनर्जी भविष्य की जरूरत है। इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि इस दिशा में हम कैसे आगे बढ़े इस पर भी चिन्तन की जरूरत है। दून को ग्रीन सिटी के रूप में चयनित होने से इस दिशा में हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ी है। इस सम्मेलन के रूप में इस दिशा में यह प्रभावी पहल होगी। उन्होंने इस प्रकार के अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन देश-विदेश के समय-समय पर आयोजित होते रहे है। हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इस क्षेत्र में पहचान बनाने के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाना प्रस्तावित है।



बैठक में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत व अन्य।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमे सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय हरित ऊर्जा विकास के आयामों, ऊर्जा परियोजनाओं के विकास हेतु बाध्यतायें एवं सीमायें, ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तीय प्रबंधन इस क्षेत्र के विभिन्न अधिनियम एवं नीतियों के साथ ही ऊर्जा क्षेत्र में नवीन तकनीकि एवं आविष्कार जैसे विषयों पर हम क्षेत्र के विषय-विशेषज्ञों द्वारा अपने विचार व्यक्त किये जायेंगे। उनके सुझाव भी इस दिशा में कारगर साबित होंगे।

इस अवसर पर सम्मेलन के बारे में सचिव ऊर्जा राधिका झा ने बताया कि यह सम्मेलन जून 2020 में प्रस्तावित है तथा इसमें दुनिया भर से ऊर्जा क्षेत्र से संबन्धित लगभग 250 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है। श्रीमती राधिका झा ने बताया कि सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हरित ऊर्जा विकास के विभिन्न आयामों पर विचार विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन से निकले निष्कर्षों को राज्य की हरित ऊर्जा परियोजनाओं के विकास, निर्माण एवं परिचालन की रूपरेखा एवं नीतियों को तय करने में उपयोग किया जाएगा।

### जनगणना में 30 हजार प्रगणकों एवं 6 हजार सुपरवाइजरों को लगाया जाएगा

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनगणना 2021 के कार्य हेतु गठित समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त विवेक जोशी द्वारा वीडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। बैठक में जनगणना निदेशक उत्तराखण्ड विम्मी सचदेवा रमन द्वारा जनगणना 2021 के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया।

निदेशक जनगणना ने बताया प्रदेश में जनगणना 2021 के प्रथम चरण के कार्य मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना तथा राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्ट्रर के अद्यतन के कार्य हेतु 01 मई, 2020 से 15 जून, 2020 तक का समय निर्धारित किया गया है, जिसमें 30 हजार प्रगणकों एवं 06 हजार सुपरवाईजरों को लगाया जाएगा।

मुख्य सचिव ने शिक्षा निदेशक को इस कार्य हेतु आवश्यक कार्मिकों की तैनाती समय पर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। माह अप्रैल में जनगणना में तैनात कार्मिकों की ट्रेनिंग का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जनगणना निदेशक ने बताया कि जनगणना कार्य के प्रबंधन एवं निगरानी हेतु सी.एम.एम.एस. पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से विभिन्न स्थलों पर जनगणना कार्यक्रमों के प्रशिक्षण एवं मानदेय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### अभिनेत्री चित्रांशी रावत एवं फिल्म निर्माता व निर्देशक ध्रुव ने की सीएम से भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में अभिनेत्री चित्रांशी रावत एवं निर्माता, निर्देशक ध्रुव ने शिष्टाचार भेंट की। चित्रांशी रावत ने कहा कि वह आगामी मार्च-अप्रैल में उत्तराखण्ड में हिन्दी फीचर फिल्म की शूटिंग करेंगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में फिल्मों की शूटिंग के लिए अनुकूल माहौल है। उन्होंने उत्तराखण्ड की फिल्म पॉलिसी की सराहना भी की। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि राज्य में फिल्म, टीवी सीरियल आदि की शूटिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा राज्य की फिल्म नीति बनाई गई है। इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिले हैं। बड़ी संख्या में यहां फिल्मों व टीवी सीरियलों की शूटिंग हुई है।

# बंद विद्यालयों का उपयोग यात्रा रूट के लिए होम स्टे के रूप में होगा

**प्रस्ताव**

■प्रस्ताव प्रदेश में, पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रस्तावित होगाः सतपाल महाराज

देहरादून। **संवाददाता**

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि बन्द विद्यालयों का उपयोग ट्रेकिंग रूट और यात्रा रूट के लिए होम स्टे के रूप में किया जायेगा। यह प्रस्ताव सम्पूर्ण प्रदेश में, पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रस्तावित किया जायेगा। सतपाल महाराज ने कहा कि जहाँ अध्यापकों की कमी है उन स्कूलों में गेस्ट टीचर्स के माध्यम से अभाव की पूर्ति की जाए एवं फर्नीचर, पेयजल एवं रसोई घर के लिए आवश्यक धनराशि का प्रबन्ध किया जाए। विद्यालयों में कंप्यूटर की आपूर्ति पूर्व सांसद सतपाल महाराज निधि के अवमुक्त बजट से की जायेगी। 331 स्कूलों में प्रति 2 कंप्यूटर एक स्कूल में कुल 662 कंप्यूटर की आपूर्ति की जायेगी। यह कंप्यूटर नवीनतम टैक्नोलॉजी पर आधारित आई-3 कंप्यूटर होंगे। बैठक में ई-लर्निंग क्लास, वर्चुअल क्लास को प्रभावी करने का निर्देश दिया गया। सतपाल महाराज ने कहा विद्यालय की छतों की मरम्मत के लिए, छतों के स्थान पर सोलर पैनल का उपयोग किया जाए। सोलर पैनल के छत से जहाँ सब्सिडी मिलेगी वही पर बिजली की बचत भी होगी तथा यह भूकंपरोधी के रूप में कार्य करेगा। इससे सम्बन्धित प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। बैठक में निजी विद्यालयों की भर्ती प्रक्रिया दोषपूर्ण होने के कारण अध्यापकों के चयन हेतु अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अथवा माध्यमिक शिक्षा चयन बोर्ड के माध्यम से चयन करने का प्रस्ताव शासन को भेजने का भी निर्देश दिया गया।



पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

### छात्रों ने बनाये पोस्टर्स

**संवाददाता** देहरादून। शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोईवाला में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।